इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न [खंड 'क' (18) + खंड 'ख' (3) + खंड 'ग' (3)] तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | |

**कोड नं. 62/OSS/2**

**सेट A**

# HINDI
# ( हिन्दी )
# (301)

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ______________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** 1. ______________________

2. ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **62/OSS/2-A** लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# HINDI

# ( हिन्दी )

# (301)

समय : 3 घण्टे ]　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　[ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **तीन खंड** हैं – **खंड 'क'**, **खंड 'ख'** और **खंड 'ग'**।

(ii) **खंड 'क'** के **सभी** प्रश्नों को हल करने हैं।

(iii) **खंड 'ख'** और **खंड 'ग'** में से केवल **एक खंड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) **खंड 'क'** 85 अंकों का और **खंड 'ख'** अथवा **खंड 'ग'** 15 अंकों का है।

---

## खंड - क

**1.** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

बिधि न सकेउ सहि मोर दुलारा। नीच बीचु जननी मिस पारा।
यहउ कहत मोहि अजु न सोभा। अपनी समुझि साधु सुचि को भा॥
मातु मंदि मैं साधु सुचाली। उर अस आनत कोटि कुचालि॥
फरइ कि कोदव बाली सुसाली। मुकता प्रसव कि संबुक काली॥
सपनेहुँ दोस कलेसु न काहू। मोर अभाग उदधि अवगाहू॥
बिनु समुझें निज अघ परिपाकु। जारिउँ जायँ जननि कहि काकू॥
हृदयँ हेरि हारेउँ सब ओरा। एकहि भाँति भलेहिं भल मोरा॥
गुरु गोसाईं साहिब सिय रामू। लागत मोहि नीक परिनामू॥

**अथवा**

वैराग्य छोड़ बाहों की विभा संभालो,
चट्टानों की छाती से दूध निकालो।
है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,
पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।
चढ़ तुंग शैंल-शिखरों पर सोम पियो रे!
योगियों नहीं, विजयी के सदृश जियो रे!

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **2**

जब-जब वै सुधि कीजिये, तब-तब सुधि जांहि।
आँखिन आँख लगी रहैं, आखें लागति नाँहिं॥



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 35-35 शब्दों में दीजिए। **2+2=4**

(क) मीरा की आंतरिक पीड़ा का कारण क्या है?

(ख) पद्माकर के अनुसार गोपी की ओर एक साथ कौन-कौन कब दौड़े ?

(ग) 'मुझे कदम-कदम पर' में कविताएँ मुस्कराकर प्यार भरी बातें किससे और क्यों करना चाहती हैं?

3. 'मौन' **अथवा** 'मैं नीर भरी दु:ख की बदली' कविता का केंद्रीय भाव लगभग 35-35 शब्दों में लिखिए। **2**

4. निम्नलिखित पंक्तियों में निहित छंद और अलंकार का नाम लिखिए। **2**

वे रहीम नर धन्य हैं, पर उपकारी अंग।<br>
बाँटनवारे के लगै, ज्यों मेहंदी को रंग॥

5. 'प्रगतिवादी काव्य शोषितों के प्रति सहानुभूति का काव्य है।' – स्पष्ट कीजिए। **2**

**अथवा**

नई कविता की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

6. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

आज अनुराधा समस्त प्रश्नों से मुक्त है। यह युद्धभूमि है और 'अनु' संघर्ष के लिए सन्नद्ध है। मेरे इस स्वाभाविक युद्ध में अब मेरे आड़े कुछ नहीं आएगा – न संस्कार, न मोह, न संबंध, न ...! यदि शालीन रहकर अनुराधा यह संघर्ष कर सकी तो अत्युत्तम, अन्यथा वह भी त्याग देगी। यह युद्ध तो अब हर हाल में अनवरत चलेगा, यह संघर्ष हो कर ही रहेगा, पीछे नहीं हटेगी अनुराधा इस संघर्ष से – जीने के लिए संघर्ष, अधिकारों के लिए संघर्ष, स्वाभिमान के लिए संघर्ष ... अनुराधा का एक निरंतर संघर्ष।

**अथवा**

यह मन ही तो है, जिसमें चाह है, लक्ष्य है, वहीं उसमें पवित्रता, कोमलता व प्रियता है। उनका नव उत्साह से भरा मन हमेशा लेखन कार्य में रमता है। हर प्रकार की स्वच्छता की भावना उनके स्वभाव का अभिन्न अंग रही है। बहुत से लोगों में यह स्वच्छता बाह्य रूप में ही मिलती है, पर डॉ. रघुवंश बाह्य रूप और आंतरिक रूप में तो स्वच्छ हैं ही, अर्थ संबंधी मामलों में भी स्वच्छ हैं जो आज कल काम ही दिखाई देता है। किस युक्ति से वह रिक्शा में बैठने से पूर्व उस चालक की देय राशि निकालकर रख लेते हैं, यह विस्मयकारी है जिससे उनको साथ ले जाने वाले व्यक्ति अपने पास से रुपये न दे दें।

7. पठित पाठ के आधार पर राजेंद्र यादव **अथवा** रामचंद्र शुक्ल की भाषा-शैली की दो विशेषताएँ लिखिए। **2**

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 35-35 शब्दों में लिखिए : **3+3=6**

(क) कुटज वृक्ष की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

(ख) बांझ का झूमता हुआ पेड़ किसका प्रतीक है?

(ग) 'दो पीढ़ियों की कलागत मूल्यों पर बहस चल रही है' – लेखक क्या कहना चाहता है?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

9. **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-50 शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) 'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास का संदेश बताइए।

(ख) कुमुद की तीन चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ग) उपन्यास की भाषा-शैली पर टिप्पणी कीजिए।

10. (क) छोटी रानी ने रामदयाल को सर्वप्रथम क्या आदेश दिया ? 1+1=2

(ख) देवीसिंह ने गोमती को अपनाने के प्रस्ताव पर क्या उत्तर दिया?

11. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

मैं सबसे छोटी होऊँ
तेरी गोद में सोऊँ
तेरा आँचल पकड़-पकड़ कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ।
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ कर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात।
अपने कर से खिला, धुला मुख
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात।
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे आँचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय।

(क) कवयित्री सबसे छोटी क्यों होना चाहती है? 1

(ख) बड़े होने से क्या हानि है? 1

(ग) माता छल किस प्रकार करती है? 1

(घ) बेटी माँ से क्या दिखाने की इच्छा कर रही है? 1

(ङ) इस कविता में कौन सा भाव है ? 1

विरह/लगाव/ईर्ष्या



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

12. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **11**

प्राय: देखा जाता है कि विज्ञान के क्षेत्र में जाकर लोग धर्म की उपेक्षा करने लगते हैं। धर्म पर अंधविश्वास का एक लांछन लगाकर वैज्ञानिक अपने सत्यान्वेषी होने का गुणगान करते हैं। सच्चाई यह है कि धर्म और विज्ञान अलग–अलग होकर भी अलग–अलग नहीं हैं। दोनों का उद्देश्य मनुष्य का हित है। धर्म का लक्ष्य मनुष्य के भीतर परोपकार, त्याग–बलिदान, करुणा और प्रेम का विकास करके उसे सुन्दर सामाजिक जीवन जीने योग्य बनाना है। धर्म मनुष्य को मनुष्य के प्रति कर्तव्य–पालन करना सिखाता है जबकि विज्ञान का लक्ष्य है सत्य की खोज करना तथा प्रकृति के भीतर छिपे गूढ़ रहस्यों का उद्घाटन करना। विज्ञान बताता है कि मानव–जगत कैसा है जबकि धर्म बताता है कि यह मानव–जगत कैसा होना चाहिए। ध्यान से देखा जाए तो दोनों के लक्ष्यों में कहीं कोई टकराव न होकर दोनों के लक्ष्य परस्पर एक–दूसरे के पूरक हैं। यदि धर्म और विज्ञान को ठीक–ठीक समझा जाए तो हमें मालूम होगा कि धर्म के बिना विज्ञान पंगु है और विज्ञान के बिना धर्म अंधा।

(क) विज्ञान की राह पर चलने वाले धर्म की उपेक्षा क्यों करने लगते हैं? **2**

(ख) धर्म का लक्ष्य क्या है? **1**

(ग) विज्ञान और धर्म के लक्ष्य में क्या भिन्नता है? **2**

(घ) विज्ञान और धर्म में क्या समानता है? **2**

(ङ) दोनों के लक्ष्य एक दूसरे के पूरक कैसे हैं? **1**

(च) उचित शीर्षक दीजिए। **1**

(छ) अलग–अलग में कौन सा विराम चिह्न है? **1**

योजक/निर्देशक/अल्पविराम

(ज) वैज्ञानिक शब्द में कौन सा प्रत्यय है? **1**

वै/निक/इक

13. कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **5x1=5**

(क) सेवक, पराधीन (विलोम बताइए)

(ख) जो कभी न मरे (एक शब्द बताइए)

(ग) आकाश (दो पर्याय बताइए)

(घ) अतीथी, हानी (शुद्ध रूप लिखिए)

(ङ) नाक में दम करना (वाक्य में प्रयोग कीजिए)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

14. निम्नलिखित अंश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए और एक उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए। **4**

जीवन के फैसले मनुष्य को स्वयं करने होते हैं, इसलिए आदमी को आत्मनिर्भर होना चाहिए। अब तुम्हें क्या करना चाहिए, इसका ठीक-ठीक उत्तर तुम्हीं को देना होगा, दूसरा कोई नहीं दे सकता। कैसा भी विश्वास-पात्र मित्र हो, तुम्हारे इस काम को वह अपने ऊपर नहीं ले सकता। हम अनुभवी लोगों की बातों को आदर के साथ सुनें, बुद्धिमान की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक मानें, पर इस बात को निश्चित समझकर कि हमारे कामों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा, हमें अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को दृढ़तापूर्वक बनाए रखना चाहिए। जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा। नीची दृष्टि रखने से यद्यपि रास्ते पर होंगे पर इस बात को न देखेंगे कि यह रास्ता कहाँ ले जाता है।

15. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **300-300** शब्दों में निबंध लिखिए। **8**

(क) मेरा प्रिय लेखक

(ख) मित्रता का महत्त्व

(ग) सिकुड़ते वन

(घ) विद्यार्थी और अनुशासन

16. (क) निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** का भाव पल्लवन कीजिए। **3+2=5**

(i) करत-करत अभ्यास कै, जड़मति होत सुजान

(ii) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं

(ख) आप किसी पहाड़ पर छुट्टियाँ मनाने गए थे। अचानक बर्फ़बारी होने लगी। अपने अनुभव को लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए।

17. अपनी बीमारी के बारे में बताकर अवकाश माँगते हुए अपने कार्यालय के प्रबंधक को पत्र लिखिए। **4**

18. (क) प्रारूपण से आप क्या समझते हैं? इसकी दो विशेषताएँ भी लिखिए। **3+4=7**

**अथवा**

टिप्पण लेखन के प्रकार बताइए।

(ख) एक कक्षा में 54 छात्र हैं। उन्होंने गणित और विज्ञान में जो अंक प्राप्त किए, उन्हें सामूहिक बार चित्र से दर्शाइए।

| प्राप्तांक | गणित | विज्ञान |
|---|---|---|
| 80 - 100 | 11 | 12 |
| 60 - 80 | 14 | 20 |
| 40 - 80 | 24 | 18 |
| 0 - 40 | 05 | 04 |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## खंड - ख

## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी )

19. (क) निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं दो** के अर्थ लिखिए : **1+2+2=5**

(i) संपादकीय कक्ष

(ii) लेखमाला

(iii) अंक

(ख) एक ही वस्तु के विज्ञापन को अलग-अलग माध्यमों पर अलग ढंग से क्यों दिखाया जाता है ?

(ग) 'अखबार लोकतंत्र की रक्षा करते हैं।' कैसे ?

20. **किन्हीं दो** के उत्तर लिखिए : **2+2=4**

(क) प्रिंट मीडिया में कंप्यूटर का उपयोग बताइए।

(ख) समाचारों का चुनाव करते समय किन बातों का ध्यान रखा जाता है ?

(ग) अनुवाद से संचार माध्यमों की भाषा पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

21. (क) आपको अपनी चार साल पुरानी कार बेचनी है। समाचार पत्र के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3+3=6**

(ख) अपने घर के पास हुई एक सड़क दुर्घटना के बारे में समाचार आलेख तैयार कीजिए।

## खंड - ग

## ( विज्ञान की भाषा - हिंदी )

19. (क) निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं दो** के अर्थ लिखिए : **1+2+2=5**

(i) शिरा

(ii) बाइट

(iii) गुरुत्व

(ख) सुश्रुत संहिता क्या है ?

(ग) विज्ञान अंधविश्वासों से बचना कैसे सिखाता है ?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**20.** जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याएँ लिखिए। **4**

**अथवा**

अशिक्षा जनसंख्या वृद्धि का कारण कैसे बनती है?

**21.** (क) कंप्यूटर से क्रांति कैसे आई? **3+3=6**

(ख) सामान्य भाषा और वैज्ञानिक भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**- o O o -**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

इस प्रश्न-पत्र में 24 प्रश्न [खंड 'क' (18) + खंड 'ख' (3) + खंड 'ग' (3)] तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | |

**कोड नं. 62/OSS/2**

सेट **B**

# HINDI
# ( हिन्दी )
# (301)

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ______________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** 1. ______________________

2. ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **62/OSS/2-B** लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# HINDI

# ( हिन्दी )

# (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **तीन खंड** हैं – **खंड 'क'**, **खंड 'ख'** और **खंड 'ग'**।

(ii) **खंड 'क'** के **सभी** प्रश्नों को हल करने हैं।

(iii) **खंड 'ख'** और **खंड 'ग'** में से केवल **एक खंड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) **खंड 'क'** 85 अंकों का और **खंड 'ख'** अथवा **खंड 'ग'** 15 अंकों का है।

## खंड - क

**1.** 'आदिकाल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण काव्य रासो साहित्य है।' – स्पष्ट कीजिए। **2**

**अथवा**

संत काव्य की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

**2.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 35-35 शब्दों में दीजिए। **2+2=4**

(क) मीरा की आंतरिक पीड़ा का कारण क्या है?

(ख) पद्माकर के अनुसार गोपी की ओर एक साथ कौन-कौन कब दौड़े ?

(ग) 'मुझे कदम-कदम पर' में कविताएँ मुस्कराकर प्यार भरी बातें किससे और क्यों करना चाहती हैं?

**3.** 'मौन' **अथवा** 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' कविता का केंद्रीय भाव लगभग 35-35 शब्दों में लिखिए। **2**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

4\. (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

बिधि न सकेउ सहि मोर दुलारा। नीच बीचु जननी मिस पारा।
यहउ कहत मोहि अजु न सोभा। अपनी समुझि साधु सुचि को भा॥
मातु मंदि मैं साधु सुचाली। उर अस आनत कोटि कुचालि॥
फरइ कि कोदव बाली सुसाली। मुकता प्रसव कि संबुक काली॥
सपनेहुँ दोस कलेसु न काहू। मोर अभाग उदधि अवगाहू॥
बिनु समुझें निज अघ परिपाकु। जारिउँ जायँ जननि कहि काकू॥
हृदयँ हेरि हारेउँ सब ओरा। एकहि भाँति भलेहिं भल मोरा॥
गुरु गोसाईं साहिब सिय रामू। लागत मोहि नीक परिनामू॥

**अथवा**

वैराग्य छोड़ बाहों की विभा संभालो,
चट्टानों की छाती से दूध निकालो।
है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,
पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।
चढ़ तुंग शैंल-शिखरों पर सोम पियो रे!
योगियों नहीं, विजयी के सदृश जियो रे!

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी।
प्रभुजी तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा॥

5\. निम्नलिखित पंक्तियों में निहित छंद और अलंकार का नाम लिखिए। 2

वे रहीम नर धन्य हैं, पर उपकारी अंग।
बाँटनवारे के लगै, ज्यों मेहंदी को रंग॥

6\. **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-50 शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) 'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास का संदेश बताइए।

(ख) कुमुद की तीन चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ग) उपन्यास की भाषा-शैली पर टिप्पणी कीजिए।

7\. (क) छोटी रानी ने रामदयाल को सर्वप्रथम क्या आदेश दिया ? 1+1=2

(ख) देवीसिंह ने गोमती को अपनाने के प्रस्ताव पर क्या उत्तर दिया ?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

8. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

आज अनुराधा समस्त प्रश्नों से मुक्त है। यह युद्धभूमि है और 'अनु' संघर्ष के लिए सन्नद्ध है। मेरे इस स्वाभाविक युद्ध में अब मेरे आड़े कुछ नहीं आएगा – न संस्कार, न मोह, न संबंध, न ...! यदि शालीन रहकर अनुराधा यह संघर्ष कर सकी तो अत्युत्तम, अन्यथा वह भी त्याग देगी। यह युद्ध तो अब हर हाल में अनवरत चलेगा, यह संघर्ष हो कर ही रहेगा, पीछे नहीं हटेगी अनुराधा इस संघर्ष से – जीने के लिए संघर्ष, अधिकारों के लिए संघर्ष, स्वाभिमान के लिए संघर्ष ... अनुराधा का एक निरंतर संघर्ष।

**अथवा**

यह मन ही तो है, जिसमें चाह है, लक्ष्य है, वहीं उसमें पवित्रता, कोमलता व प्रियता है। उनका नव उत्साह से भरा मन हमेशा लेखन कार्य में रमता है। हर प्रकार की स्वच्छता की भावना उनके स्वभाव का अभिन्न अंग रही है। बहुत से लोगों में यह स्वच्छता बाह्य रूप में ही मिलती है, पर डॉ. रघुवंश बाह्य रूप और आंतरिक रूप में तो स्वच्छ हैं ही, अर्थ संबंधी मामलों में भी स्वच्छ हैं जो आज कल काम ही दिखाई देता है। किस युक्ति से वह रिक्शा में बैठने से पूर्व उस चालक की देय राशि निकालकर रख लेते हैं, यह विस्मयकारी है जिससे उनको साथ ले जाने वाले व्यक्ति अपने पास से रुपये न दे दें।

9. पठित पाठ के आधार पर राजेंद्र यादव **अथवा** रामचंद्र शुक्ल की भाषा-शैली की दो विशेषताएँ लिखिए। **2**

10. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए : **3+3=6**

(क) कुटज वृक्ष की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

(ख) बांझ का झूमता हुआ पेड़ किसका प्रतीक है?

(ग) 'दो पीढ़ियों की कलागत मूल्यों पर बहस चल रही है' – लेखक क्या कहना चाहता है?

11. कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। **5x1=5**

(क) अर्थ, सुगम (विलोम बताइए)

(ख) जिसे काटा न जा सके (एक शब्द बताइए)

(ग) घर (दो पर्याय बताइए)

(घ) अज्ञाकारीणी, आर्दश (शुद्ध रूप लिखिए)

(ङ) खून के घूँट पीकर रह जाना (वाक्य में प्रयोग कीजिए)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

12. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **11**

प्राय: देखा जाता है कि विज्ञान के क्षेत्र में जाकर लोग धर्म की उपेक्षा करने लगते हैं। धर्म पर अंधविश्वास का एक लांछन लगाकर वैज्ञानिक अपने सत्यान्वेषी होने का गुणगान करते हैं। सच्चाई यह है कि धर्म और विज्ञान अलग-अलग होकर भी अलग-अलग नहीं हैं। दोनों का उद्देश्य मनुष्य का हित है। धर्म का लक्ष्य मनुष्य के भीतर परोपकार, त्याग-बलिदान, करुणा और प्रेम का विकास करके उसे सुन्दर सामाजिक जीवन जीने योग्य बनाना है। धर्म मनुष्य को मनुष्य के प्रति कर्तव्य-पालन करना सिखाता है जबकि विज्ञान का लक्ष्य है सत्य की खोज करना तथा प्रकृति के भीतर छिपे गूढ़ रहस्यों का उद्घाटन करना। विज्ञान बताता है कि मानव-जगत कैसा है जबकि धर्म बताता है कि यह मानव-जगत कैसा होना चाहिए। ध्यान से देखा जाए तो दोनों के लक्ष्यों में कहीं कोई टकराव न होकर दोनों के लक्ष्य परस्पर एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि धर्म और विज्ञान को ठीक-ठीक समझा जाए तो हमें मालूम होगा कि धर्म के बिना विज्ञान पंगु है और विज्ञान के बिना धर्म अंधा।

(क) विज्ञान की राह पर चलने वाले धर्म की उपेक्षा क्यों करने लगते हैं? **2**

(ख) धर्म का लक्ष्य क्या है? **1**

(ग) विज्ञान और धर्म के लक्ष्य में क्या भिन्नता है? **2**

(घ) विज्ञान और धर्म में क्या समानता है? **2**

(ङ) दोनों के लक्ष्य एक दूसरे के पूरक कैसे हैं? **1**

(च) उचित शीर्षक दीजिए। **1**

(छ) अलग-अलग में कौन सा विराम चिह्न है? **1**

योजक/निर्देशक/अल्पविराम

(ज) वैज्ञानिक शब्द में कौन सा प्रत्यय है? **1**

वै/निक/इक



Unnati Educations

9899436384, 9654279279

**13.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5**

मैं सबसे छोटी होऊँ
तेरी गोद में सोऊँ
तेरा आँचल पकड़-पकड़ कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ।
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ कर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात।
अपने कर से खिला, धुला मुख
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात।
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे आँचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय।

(क) कवयित्री सबसे छोटी क्यों होना चाहती है? **1**

(ख) बड़े होने से क्या हानि है? **1**

(ग) माता छल किस प्रकार करती है? **1**

(घ) बेटी माँ से क्या दिखाने की इच्छा कर रही है? **1**

(ङ) इस कविता में कौन सा भाव है ? **1**
विरह/लगाव/ईर्ष्या

**14.** निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 300-300 शब्दों में निबंध लिखिए। **8**

(क) नर हो न निराश करो मन को

(ख) दया धर्म का मूल है

(ग) मेरी पहली विमान यात्रा

(घ) स्वास्थ्य और व्यायाम

**15.** अपने नगर में यातायात संबंधी सुविधाओं के अभाव को दूर करने के लिए मुख्य मंत्री को पत्र लिखिए। **4**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

16. (क) निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** का भाव पल्लवन कीजिए। **3+2=5**

(i) जब तक साँस, तब तक आस

(ii) जैसा करोगे, वैसा भरोगे

(ख) आप किसी पहाड़ पर छुट्टियाँ मनाने गए थे। अचानक बर्फ़बारी होने लगी। अपने अनुभव को लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए।

17. निम्नलिखित अंश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए और एक उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए। **4**

जीवन के फैसले मनुष्य को स्वयं करने होते हैं, इसलिए आदमी को आत्मनिर्भर होना चाहिए। अब तुम्हें क्या करना चाहिए, इसका ठीक-ठीक उत्तर तुम्हीं को देना होगा, दूसरा कोई नहीं दे सकता। कैसा भी विश्वास-पात्र मित्र हो, तुम्हारे इस काम को वह अपने ऊपर नहीं ले सकता। हम अनुभवी लोगों की बातों को आदर के साथ सुनें, बुद्धिमान की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक मानें, पर इस बात को निश्चित समझकर कि हमारे कामों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा, हमें अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को दृढ़तापूर्वक बनाए रखना चाहिए। जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा। नीची दृष्टि रखने से यद्यपि रास्ते पर होंगे पर इस बात को न देखेंगे कि यह रास्ता कहाँ ले जाता है।

18. (क) प्रारूपण से आप क्या समझते हैं? इसकी दो विशेषताएँ भी लिखिए। **3+4=7**

**अथवा**

टिप्पण लेखन के प्रकार बताइए।

(ख) एक कक्षा में 54 छात्र हैं। उन्होंने गणित और विज्ञान में जो अंक प्राप्त किए, उन्हें सामूहिक बार चित्र से दर्शाइए।

| प्राप्तांक | गणित | विज्ञान |
|---|---|---|
| 80 - 100 | 11 | 12 |
| 60 - 80 | 14 | 20 |
| 40 - 80 | 24 | 18 |
| 0 - 40 | 05 | 04 |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## खंड – ख
## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी )

19. (क) आपको अपनी चार साल पुरानी कार बेचनी है। समाचार पत्र के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3+3=6
(ख) अपने घर के पास हुई एक सड़क दुर्घटना के बारे में समाचार आलेख तैयार कीजिए।

20. (क) निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं दो** के अर्थ लिखिए : 1+2+2=5
(i) संपादकीय कक्ष
(ii) लेखमाला
(iii) अंक
(ख) एक ही वस्तु के विज्ञापन को अलग-अलग माध्यमों पर अलग ढंग से क्यों दिखाया जाता है ?
(ग) 'अखबार लोकतंत्र की रक्षा करते हैं।' कैसे ?

21. **किन्हीं दो** के उत्तर लिखिए : 2+2=4
(क) प्रिंट मीडिया में कंप्यूटर का उपयोग बताइए।
(ख) समाचारों का चुनाव करते समय किन बातों का ध्यान रखा जाता है ?
(ग) अनुवाद से संचार माध्यमों की भाषा पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

## खंड – ग
## ( विज्ञान की भाषा – हिंदी )

19. (क) कंप्यूटर से क्रांति कैसे आई ? 3+3=6
(ख) सामान्य भाषा और वैज्ञानिक भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

20. (क) निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं दो** के अर्थ लिखिए : 1+2+2=5
(i) शिरा
(ii) बाइट
(iii) गुरुत्व
(ख) सुश्रुत संहिता क्या है ?
(ग) विज्ञान अंधविश्वासों से बचना कैसे सिखाता है ?

21. जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याएँ लिखिए। 4

**अथवा**

अशिक्षा जनसंख्या वृद्धि का कारण कैसे बनती है ?

- o O o -



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न [खंड 'क' (18) + खंड 'ख' (3) + खंड 'ग' (3)] तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | |

**कोड नं. 62/OSS/2**

**सेट C**

# HINDI
# ( हिन्दी )
# (301)

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ______________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** **1.** ______________________

**2.** ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **62/OSS/2-C** लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# HINDI
# ( हिन्दी )
# (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **तीन खंड** हैं – **खंड 'क'**, **खंड 'ख'** और **खंड 'ग'**।

(ii) **खंड 'क'** के **सभी** प्रश्नों को हल करने हैं।

(iii) **खंड 'ख'** और **खंड 'ग'** में से केवल **एक खंड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) **खंड 'क'** 85 अंकों का और **खंड 'ख'** अथवा **खंड 'ग'** 15 अंकों का है।

## खंड - क

**1.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 35-35 शब्दों में दीजिए। **2+2=4**

(क) मीरा की आंतरिक पीड़ा का कारण क्या है?

(ख) पद्माकर के अनुसार गोपी की ओर एक साथ कौन-कौन कब दौड़े ?

(ग) 'मुझे कदम-कदम पर' में कविताएँ मुस्कराकर प्यार भरी बातें किससे और क्यों करना चाहती हैं?

**2.** 'कठपुतली' **अथवा** 'वह तोड़ती पत्थर' कविता का केंद्रीय भाव लगभग 35-35 शब्दों में लिखिए। **2**

**3.** 'प्रगतिवादी काव्य शोषितों के प्रति सहानुभूति का काव्य है।' – स्पष्ट कीजिए। **2**

**अथवा**

नई कविता की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

**4.** निम्नलिखित पंक्तियों में निहित छंद और अलंकार का नाम लिखिए। **2**

वे रहीम नर धन्य हैं, पर उपकारी अंग।

बाँटनवारे के लगै, ज्यों मेहंदी को रंग॥



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

5. (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

बिधि न सकेउ सहि मोर दुलारा। नीच बीचु जननी मिस पारा।
यहउ कहत मोहि अजु न सोभा। अपनी समुझि साधु सुचि को भा॥
मातु मंदि मैं साधु सुचाली। उर अस आनत कोटि कुचालि॥
फरइ कि कोदव बाली सुसाली। मुकता प्रसव कि संबुक काली॥
सपनेहुँ दोस कलेसु न काहू। मोर अभाग उदधि अवगाहू॥
बिनु समुझें निज अघ परिपाकु। जारिउँ जायँ जननि कहि काकू॥
हृदयँ हेरि हारेउँ सब ओरा। एकहि भाँति भलेहिं भल मोरा॥
गुरु गोसाईं साहिब सिय रामू। लागत मोहि नीक परिनामू॥

**अथवा**

वैराग्य छोड़ बाहों की विभा संभालो,
चट्टानों की छाती से दूध निकालो।
है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,
पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।
चढ़ तुंग शैल-शिखरों पर सोम पियो रे!
योगियों नहीं, विजयी के सदृश जियो रे!

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

जब-जब वै सुधि कीजिये, तब-तब सुधि जांहि।
आँखिन आँख लगी रहैं, आखें लागति नाँहिं॥

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-50 शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) कुटज वृक्ष की सबसे सराहनीय क्या बात है?

(ख) 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' में लेखक ने हिटलर और स्टॉलिन का उदाहरण किस रूप में दिया है?

(ग) पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ में वृद्ध सबसे अधिक किस बात पर क्षुब्ध थे?

7. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

आज अनुराधा समस्त प्रश्नों से मुक्त है। यह युद्धभूमि है और 'अनु' संघर्ष के लिए सन्नद्ध है। मेरे इस स्वाभाविक युद्ध में अब मेरे आड़े कुछ नहीं आएगा – न संस्कार, न मोह, न संबंध, न ...! यदि शालीन रहकर अनुराधा यह संघर्ष कर सकी तो अत्युत्तम, अन्यथा वह भी त्याग देगी। यह युद्ध तो अब हर हाल में अनवरत चलेगा, यह संघर्ष हो कर ही रहेगा, पीछे नहीं हटेगी अनुराधा इस संघर्ष से – जीने के लिए संघर्ष, अधिकारों के लिए संघर्ष, स्वाभिमान के लिए संघर्ष ... अनुराधा का एक निरंतर संघर्ष।

**अथवा**

यह मन ही तो है, जिसमें चाह है, लक्ष्य है, वहीं उसमें पवित्रता, कोमलता व प्रियता है। उनका नव उत्साह से भरा मन हमेशा लेखन कार्य में रमता है। हर प्रकार की स्वच्छता की भावना उनके स्वभाव का अभिन्न अंग रही है। बहुत से लोगों में यह स्वच्छता बाह्य रूप में ही मिलती है, पर डॉ. रघुवंश बाह्य रूप और आंतरिक रूप में तो स्वच्छ हैं ही, अर्थ संबंधी मामलों में भी स्वच्छ हैं जो आज कल काम ही दिखाई देता है। किस युक्ति से वह रिक्शा में बैठने से पूर्व उस चालक की देय राशि निकालकर रख लेते हैं, यह विस्मयकारी है जिससे उनको साथ ले जाने वाले व्यक्ति अपने पास से रुपये न दे दें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

8. पठित पाठ के आधार पर राजेंद्र यादव **अथवा** रामचंद्र शुक्ल की भाषा-शैली की दो विशेषताएँ लिखिए। **2**

9. (क) छोटी रानी ने रामदयाल को सर्वप्रथम क्या आदेश दिया ? **1+1=2**

(ख) देवीसिंह ने गोमती को अपनाने के प्रस्ताव पर क्या उत्तर दिया ?

10. **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-50 शब्दों में दीजिए : **3+3=6**

(क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास का संदेश बताइए।

(ख) कुमुद की तीन चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ग) उपन्यास की भाषा-शैली पर टिप्पणी कीजिए।

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **11**

प्राय: देखा जाता है कि विज्ञान के क्षेत्र में जाकर लोग धर्म की उपेक्षा करने लगते हैं। धर्म पर अंधविश्वास का एक लांछन लगाकर वैज्ञानिक अपने सत्यान्वेषी होने का गुणगान करते हैं। सच्चाई यह है कि धर्म और विज्ञान अलग-अलग होकर भी अलग-अलग नहीं हैं। दोनों का उद्देश्य मनुष्य का हित है। धर्म का लक्ष्य मनुष्य के भीतर परोपकार, त्याग-बलिदान, करुणा और प्रेम का विकास करके उसे सुन्दर सामाजिक जीवन जीने योग्य बनाना है। धर्म मनुष्य को मनुष्य के प्रति कर्तव्य-पालन करना सिखाता है जबकि विज्ञान का लक्ष्य है सत्य की खोज करना तथा प्रकृति के भीतर छिपे गूढ़ रहस्यों का उद्घाटन करना। विज्ञान बताता है कि मानव-जगत कैसा है जबकि धर्म बताता है कि यह मानव-जगत कैसा होना चाहिए। ध्यान से देखा जाए तो दोनों के लक्ष्यों में कहीं कोई टकराव न होकर दोनों के लक्ष्य परस्पर एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि धर्म और विज्ञान को ठीक-ठीक समझा जाए तो हमें मालूम होगा कि धर्म के बिना विज्ञान पंगु है और विज्ञान के बिना धर्म अंधा।

(क) विज्ञान की राह पर चलने वाले धर्म की उपेक्षा क्यों करने लगते हैं ? **2**

(ख) धर्म का लक्ष्य क्या है ? **1**

(ग) विज्ञान और धर्म के लक्ष्य में क्या भिन्नता है ? **2**

(घ) विज्ञान और धर्म में क्या समानता है ? **2**

(ङ) दोनों के लक्ष्य एक दूसरे के पूरक कैसे हैं ? **1**

(च) उचित शीर्षक दीजिए। **1**

(छ) अलग-अलग में कौन सा विराम चिह्न है ? **1**

योजक/निर्देशक/अल्पविराम

(ज) वैज्ञानिक शब्द में कौन सा प्रत्यय है ? **1**

वै/निक/इक



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

12. कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। **5x1=5**

(क) आकर्षण, नवीन (विलोम बताइए)

(ख) अधिक वर्षा होना (एक शब्द बताइए)

(ग) पत्ता (दो पर्याय बताइए)

(घ) अतीथी, हानी (शुद्ध रूप लिखिए)

(ङ) घाट-घाट का पानी पीना (वाक्य में प्रयोग कीजिए)

13. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5**

मैं सबसे छोटी होऊँ
तेरी गोद में सोऊँ
तेरा आँचल पकड़-पकड़ कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ।
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ कर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात।
अपने कर से खिला, धुला मुख
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात।
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे आँचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय।

(क) कवयित्री सबसे छोटी क्यों होना चाहती है? **1**

(ख) बड़े होने से क्या हानि है? **1**

(ग) माता छल किस प्रकार करती है? **1**

(घ) बेटी माँ से क्या दिखाने की इच्छा कर रही है? **1**

(ङ) इस कविता में कौन सा भाव है ? **1**

विरह/लगाव/ईर्ष्या



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

14. (क) प्रारूपण से आप क्या समझते हैं? इसकी दो विशेषताएँ भी लिखिए। 3+4=7

**अथवा**

टिप्पण लेखन के प्रकार बताइए।

(ख) एक कक्षा में 54 छात्र हैं। उन्होंने गणित और विज्ञान में जो अंक प्राप्त किए, उन्हें सामूहिक बार चित्र से दर्शाइए।

| प्राप्तांक | गणित | विज्ञान |
|---|---|---|
| 80 - 100 | 11 | 12 |
| 60 - 80 | 14 | 20 |
| 40 - 80 | 24 | 18 |
| 0 - 40 | 05 | 04 |

15. निम्नलिखित अंश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए और एक उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए। 4

जीवन के फैसले मनुष्य को स्वयं करने होते हैं, इसलिए आदमी को आत्मनिर्भर होना चाहिए। अब तुम्हें क्या करना चाहिए, इसका ठीक-ठीक उत्तर तुम्हीं को देना होगा, दूसरा कोई नहीं दे सकता। कैसा भी विश्वास-पात्र मित्र हो, तुम्हारे इस काम को वह अपने ऊपर नहीं ले सकता। हम अनुभवी लोगों की बातों को आदर के साथ सुनें, बुद्धिमान की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक मानें, पर इस बात को निश्चित समझकर कि हमारे कामों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा, हमें अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को दृढ़तापूर्वक बनाए रखना चाहिए। जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा। नीची दृष्टि रखने से यद्यपि रास्ते पर होंगे पर इस बात को न देखेंगे कि यह रास्ता कहाँ ले जाता है।

16. (क) निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** का भाव पल्लवन कीजिए। 3+2=5

(i) करत-करत अभ्यास कै, जड़मति होत सुजान

(ii) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं

(ख) आप किसी पहाड़ पर छुट्टियाँ मनाने गए थे। अचानक बर्फ़बारी होने लगी। अपने अनुभव को लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

17. अपने नगर विकास प्राधिकरण के सचिव को अपनी कॉलोनी के विकास के लिए पत्र लिखिए। **4**

18. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 300-300 शब्दों में निबंध लिखिए। **8**

(क) मेरी प्रिय पुस्तक

(ख) सत्संगति का महत्त्व

(ग) पर्वतीय सौंदर्य

(घ) कैसा शासन, बिन अनुशासन

## खंड - ख

## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी )

19. **किन्हीं दो** के उत्तर लिखिए : **2+2=4**

(क) प्रिंट मीडिया में कंप्यूटर का उपयोग बताइए।

(ख) समाचारों का चुनाव करते समय किन बातों का ध्यान रखा जाता है ?

(ग) अनुवाद से संचार माध्यमों की भाषा पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

20. (क) आपको अपनी चार साल पुरानी कार बेचनी है। समाचार पत्र के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3+3=6**

(ख) अपने घर के पास हुई एक सड़क दुर्घटना के बारे में समाचार आलेख तैयार कीजिए।

21. (क) निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं दो** के अर्थ लिखिए : **1+2+2=5**

(i) प्रभात संस्करण

(ii) न्यूज़ प्रिंट

(iii) शेषांश

(ख) एक ही वस्तु के विज्ञापन को अलग-अलग माध्यमों पर अलग ढंग से क्यों दिखाया जाता है ?

(ग) 'अखबार लोकतंत्र की रक्षा करते हैं।' कैसे ?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## खंड - ग

### ( विज्ञान की भाषा - हिंदी )

**19.** जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याएँ लिखिए। **4**

**अथवा**

अशिक्षा जनसंख्या वृद्धि का कारण कैसे बनती है ?

**20.** (क) कंप्यूटर से क्रांति कैसे आई ? **3+3=6**

(ख) सामान्य भाषा और वैज्ञानिक भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**21.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं दो** के अर्थ लिखिए : **1+2+2=5**

(i) उपांग

(ii) पेजिंग

(iii) डाटा

(ख) सुश्रुत संहिता क्या है ?

(ग) विज्ञान अंधविश्वासों से बचना कैसे सिखाता है ?

**- o O o -**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279